Book Ad Any category of Classified and get
**Special Discount**
Times of India/ Hindustan Times/ Dainik Jagran / Amar Ujala/ Navbharat Times Hindustan Hindi
**Discount Code TBC10**
Contact:
**Kunika Advertising**
Plot no- 516. Sector-12, Friends Co-operative Society, Vasundhara, Ghaziabad
**Mo. 8130640000**

**Year-15 Issue- 21**
Ghaziabad, Sunday, 22 October- 2023

22 October to 28 October- 2023

**Page:** 8

**RNI.No:** UPBIL/2009/28691
**DAVP Code:** 101473
**Editor:** Dheeraj Kumar
**Mob.:** 9871895198

# TIRUPATI BALAJI CHRONICLE

Hindi/English {Bi-Lingual} Weekly Ghaziabad
डीएवीपी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
www.tbcgzb.com
Email: editor@tbam.co.in

Page 3

Page 5

Page 8


# जिस योजना का करते हैं शिलान्यास, उसका उद्घाटन भी हम ही करते हैं: मोदी










**टीबीसी न्यूज**

**गाजियाबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि 'नमो भारत' में देश के भविष्य की झलक दिखती है। आने वाले 10 साल में देश की पूरी रेल बदली नजर आएगी। उन्होंने कहा कि नमो भारत को दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान जैसे देश के अन्य हिस्सों से भी कनेक्ट किया जाएगा। इसकी आवाज हवाई जहाज की आवाज से भी कम और सुविधाजनक है। पीएम मोदी ने कहा कि यह ट्रेन नए भारत के संकल्पों को परिभाषित करती है। उन्होंने कहा कि आज पूरे देश के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। आज भारत की पहली रैपिड रेल सेवा 'नमो भारत' ट्रेन राष्ट्र को समर्पित हो रही है। पीएम मोदी ने शुक्रवार को साहिबाबाद रैपिडेक्स स्टेशन पर दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर के प्रायोरिटी सेक्शन का उद्घाटन किया। उन्होंने भारत में रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम के शुभारंभ के साथ साहिबाबाद को दुहाई डिपो से जोड़ने वाली देश की पहली रैपिडेक्स ट्रेन को भी हरी झंडी दिखाई, जिसका नाम 'नमो भारत' रखा गया है। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि लगभग चार साल पहले दिल्ली, गाजियाबाद, मेरठ, रीजनल कॉरिडोर प्रोजेक्ट की आधारशिला रखी गई थी। आज साहिबाबाद से दुहाई डिपो तक उस हिस्से पर नमो भारत का संचालन शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि जिस योजना का हम शिलान्यास हम करते हैं, उसका उद्घाटन भी हम ही करते हैं।

### नमो भारत, नए भारत को परिभाषित कर रही है

पीएम मोदी ने कहा कि मेरठ वाला हिस्सा साल-डेढ़ साल बाद पूरा होगा। उस समय भी आपकी सेवा में मौजूद रहूंगा। उन्होंने कहा कि नमो भारत ट्रेन में आधुनिकता भी है, और गति भी है। ये नमो भारत नए भारत के नए सफर और नए संकल्पों को परिभाषित कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत का विकास राज्यों के विकास से ही संभव है। उन्होंने कहा कि आज बेंगलुरु में मेट्रो की दो लाइनों को भी देश को समर्पित किया गया है। इससे आईटी हब की कनेक्टिविटी बेहतर हुई है। अब वहां हर रोज लगभग 8 लाख लोग मेट्रो से सफर कर रहे हैं। मैं नई मेट्रो सुविधा के लिए बेंगलुरु के सभी लोगों को बधाई देता हूं।

### नमो भारत, भविष्य के भारत की झलक

पीएम मोदी ने कहा कि तेज रफ्तार वाली नमो भारत मेड इन इंडिया ट्रेन है। प्लेटफार्म का स्क्रीन डोर के सिस्टम भी मेड इन इंडिया है। उन्होंने कहा कि नमो भारत, भविष्य के भारत की झलक है। नमो भारत, इस बात का भी प्रमाण है कि जब देश की आर्थिक ताकत बढ़ती है तो कैसे हमारे देश की तस्वीर बदल जाती है। पीएम मोदी ने कहा, दुनिया में आज का हिंदुस्तान छाया हुआ है। आज का भारत अपने दम पर 5जी लांच करता है और उसे देश के कोने-कोने में ले जाता है। आज का भारत दुनिया में सबसे ज्यादा डिजिटल लेनदेन करता है। मुझे छोटे-छोटे सपने देखने की आदत नहीं है। उन्होंने कहा कि देश के युवा पीढ़ी को विश्वास दिलाना चाहता हूं कि आने वाले दशक में आप किसी भी देश से भारत की ट्रेन को पीछे नहीं देखेंगे।

### साथ में सीएम योगी रहे मौजूद

पीएम मोदी ने मोबाइल से क्यूआर कोड स्कैन करके पहला टिकट खरीदा और ट्रेन में बैठे, जहां उन्होंने छात्रों से मुलाकात की।
साथ ही उन्होंने ट्रेन स्टाफ से भी बातचीत की। वह नमो ट्रेन में बैठकर वसुंधरा सेक्टर-8 के मैदान पर पहुंचे। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और केंद्रीय शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह पुरी भी उपस्थित रहे।

## TIRUPATI EYE

## यूपी में आयुष्मान योजना का विस्तार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश समेत अन्य राज्यों में मुफ्त राशन योजना की सफलता के बाद अब बीजेपी सरकार की नजर बड़े पैमाने पर आयुष्मान योजना के जरिए स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने पर है। इसके लिए योगी सरकार बड़े तौर पर जनता को लाभ दिलाने के लिए काम कर रही है और महिला राशन कार्ड धारकों को सीधे योजना से जोड़ेगी। राज्य के 3.19 करोड़ पात्र घरेलू राशन कार्ड धारकों में से कुल 13.74 करोड़ लोगों को भी जल्द ही इसका लाभ मिलना शुरू हो जाएगा। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत प्रत्येक परिवार को प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिल सकेगा।
महत्वपूर्ण बात यह है कि पात्र गृहस्थी राशन कार्ड उन परिवारों के लिए बनाए जाते हैं जिनकी वार्षिक आय शहरी क्षेत्रों में 3 लाख रुपये और ग्रामीण क्षेत्रों में 2 लाख रुपये से कम है।
भिखारियों से लेकर भूमिहीन मजदूर, कुली या पल्लेदार, फेरीवाले, रिक्शा चालक, जूते की मरम्मत करने वाले, घरेलू कामगार, स्वच्छता कार्यकर्ता, कुष्ठ और एड्स रोगी, अनाथ बच्चे, परित्यक्त महिलाएं आदि घरेलू राशन कार्ड धारकों के लिए पात्र हैं. अब राज्य सरकार जल्द ही राशन कार्ड धारकों को भी आयुष्मान योजना का लाभ देने का फैसला लेने जा रही है।

**BUREAU OFFICE**
**PRATEEK BHARGAVA**
**BUREAU CHIEF**
Add: Plot No- 516, Sector 12, Friends Co-operative Society, Vasundhra, Ghaziabad (U.P.)
Mo.: 8130640011
e-mail: prateekb@tbcgzb.com
Contact for Press Release and Advertisements

# Editorial

## India's Fall in Global Hunger Index

The latest Global Hunger Index (GHI) that was released last week has once again highlighted the deteriorating situation of food insecurity and malnutrition in India. As we mark another World Food Day (October 16), we are confronted with this miserable reality where crores of people in India are faced with chronic shortages of food, a majority of children and women remain malnourished, and healthy diets remain far from the reach of most people.

The latest Global Hunger Report has shown that India's rank in the Global Hunger Index has slipped further, to 111 among 125 countries. Last year, it was 107 out of 121 countries. In 2014, when the Modi regime came to power, India's rank in the GHI was 55 out of 120 countries. From this, we can see the steep fall in the Modi years in power.

As was the case last year, this year also all the South Asian countries other than Afghanistan rank higher than India. In July, the State of Food Security and Nutrition report released jointly by five UN organisations had shown that between 2019-21 and 2020-22, the number of people facing moderate or severe food insecurity had increased in India from 57 crores to 59 crores, and the number of people facing chronic hunger increased from 22 crores to 23 crores.

The falling rank of India in terms of GHI has once again shown that the Covid Pandemic and the draconian lockdown the Modi government imposed in 2020 without any planning had a devastating impact on people's lives. The adverse impact of loss of livelihoods caused by the pandemic and the lockdown was not mitigated by the welfare programmes of the Modi government.

It is worth remembering that, despite having more than 10 crore tonnes of grains in the godowns, the Modi government refused to expand the coverage of the public distribution system and make the access universal even during the period of the pandemic.

**Dr. Dheeraj Kumar Bhargava**

# UP govt gears up to complete projects worth Rs. 2k crore

**TBC News**

Lucknow: The Uttar Pradesh government is leaving no stone unturned to make Mahakumbh 2025 a divine, grand and well-organized event.

According to an official statement from the UP government, as per its instructions, the process of completing the works related to Mahakumbh 2025 has been started on a war footing.

Specifically, projects worth over Rs 2,000 crore related to road infrastructure, bridges, power and expansion and management of the fair grounds are being expedited. Additionally, the review process of 260 sanctioned projects from various departments with a total cost of Rs 3,738 crore has also started.

Mahakumbh 2025 will run for 45 days from January 13 to February 26. More than 6 crore pilgrims are expected to visit the fair during this period. Additionally, around 40 lakh devotees are likely to participate in the Shahi Snan, and an additional 40 lakh may opt for the Kalpavasi.



In view of the huge crowd of devotees, the Yogi government has already started preparations. Keeping cleanliness as the target, adequate number of sanitation workers will be made available in the Maha Kumbh Mela. Additionally, digital museums will be set up while the fair grounds will be monitored with the help of ICCC, IT and drone technologies. Apart from this, security will be tightened.

The state government is focusing on timely completion of the construction of bridges like ropeway, Pipa bridge etc. and making adequate arrangements for the stay of VIPs as well as common devotees. That is why the review process of all these high-priority tasks has started to ensure that they are completed on time.

Urban Development Minister AK Sharma reviewed 260 projects at a cost of about Rs 3738 crore approved so far by various departments. In the review meeting on Tuesday, he directed the officials to continuously monitor the progress of these projects. He stressed the need for basic facilities like drinking water, toilets, electricity supply and parking.

He also directed the officials to address issues like road congestion and beautification. To make Mahakumbh a success, he stressed on establishing coordination with local residents and public representatives and taking action on their suggestions.

Bus terminals, railway stations and airports are being expanded and beautified to facilitate the arrival and departure of pilgrims. Electric buses as well as 1,000 shuttle buses are being arranged for the pilgrims in the mela area. 12 temporary bus stands will be built to operate these buses.

# Gaganyaan Test Flight Successful, Crew Escape Module Touches Down



New Delhi: ISRO's unmanned test flight for its first human spaceflight mission 'Gaganyaan' today lifted off from Sriharikota, the first landmark in India's ambitious space mission. Saturday's rocket tested the emergency escape system of its crew module, which separated from the thruster and made a soft sea landing about 10 minutes after the launch.

This mission was conducted to test the efficiancy of the vehicle's crew escape system, which will be used in case astronauts need to eject in case of an emergency.

"We are very happy to announce the success of the mission. The purpose of the mission was to demonstrate the crew escape system. The vehicle went slightly above the speed of sound, before it initiated the crew escape system," Indian Space Research Organisation S Somanath said from the mission centre.

"The escape system took the crew module away from the vehicle and subsequent operations including the touch-down at the sea have been very well accomplished," he added. Test Vehicle D1 mission was scheduled for a lift-off from the first launch pad at 8 am which was revised to 8.45 am. But just 5 seconds before the launch, the countdown stopped. ISRO identified the cause and successfully pulled off the test at 10am.

The test vehicle mission is the predecessor to the Gaganyaan programme which aims to send humans into space on a Low Earth Orbit of 400kms for three days and bring them safely back to the Earth.

# Modi govt hikes MSP for rabi crops for season 2024-25

Ahead of upcoming Assembly elections, the Union Cabinet on Wednesday decided to raise the Minimum Support Prices (MSP) for all required Rabi crops for the 2024-25 marketing season. The decision was taken in a meeting which was chaired by Prime Minister Narendra Modi. Notably, the government procures crops from farmers at the support price through its agencies.

The highest increase in MSP has been approved for lentil (masur dal) at Rs 425 per quintal followed by rapeseed and mustard at Rs 200 per quintal.

For wheat and safflower, an increase of Rs 150 per quintal each has been approved. For barley and gram, the MSP has been increased by Rs 115 per quintal and Rs 105 per quintal respectively.

Currently, the MSP of wheat stands at Rs 2,125 per quintal for the 2023-24 marketing season (April-March). Wheat is the main rabi (winter) crop and its sowing begins in October while harvesting starts from April. The MSP of wheat has been raised to Rs 2,275 per



cent quintal for the 2024-25 marketing season from Rs 2,125 per quintal in 2023-24. The current increase in wheat MSP is the highest since 2015-16. The previous increase was in the range of Rs 100-110 per quintal announced for four marketing seasons -- 2017-18, 2018-19, 2019-20 and 2023-24. Among rabi pulses, the MSP of gram has been increased by Rs 105 to Rs 5,440 per quintal for 2024-25 as against Rs 5,335 per quintal in 2023-24 while that of lentil (masur) has been hiked by Rs 425 to Rs 6,425 per quintal from Rs 6,000 per quintal. In order to promote oilseed cultivation, the government increased rapeseed-mustard seed MSP by Rs 200 to Rs 5,650 per quintal for 2024-25 marketing season, from Rs 5,450 per quintal in the 2023-24 season. The MSP of safflower has been increased by Rs 150 to Rs 5,800 per quintal for 2024-25 from Rs 5,650 per quintal.

Addressing the media after the cabinet meeting, Union Minister Anurag Thakur said the cabinet has approved the increase in the MSP of six mandated rabi crops for the 2024-25 marketing season. "Based on the Commission for Agricultural Costs and Prices(CACP) recommendation, we have increased the MSP of six rabi crops," he said. Asked about the impact of wheat MSP increase on food inflation, the minister said India has kept the inflation under check during and post-pandemic period.

It should be mentioned here that MSP is the minimum rate at which the grain is purchased by the government procurement agencies. India has three cropping seasons -- Summer, Kharif, and Rabi. Crops that are sown during October and November and the produce harvested from January depending on maturity are Rabi.

# मुख्यमंत्री डैशबोर्ड द्वितीय में गाजियाबाद नंबर वन डीएम ने कहा- लगातार विकास कार्य जारी है

टीबीसी न्यूज



**गाजियाबाद।** प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न विभागों में कराए जा रहे कार्यों के आधार पर प्रत्येक माह जारी होने वाली रैंकिंग में गाजियाबाद प्रदेश में प्रथम स्थान पर आया है। विभागीय योजनाओं में उनके प्रदर्शन एवं परफॉर्मेंस इंडेक्स के आधार पर सीएम डैशबोर्ड द्वितीय के तहत दिसंबर 2023 की रैंकिंग जारी हुई है। ग्रेड स्तर पर प्रथम स्थान पर गाजियाबाद रहा, दूसरे स्थान पर बागपत और तीसरे स्थान पर बहराइच रहा।

जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि प्रशासन द्वारा लगातार विकास कार्य कराया जा रहा है। प्रदेश स्तर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मनसा को मूर्त रूप प्रदान करने के उद्देश्य से जनपद गाजियाबाद में निरंतर विकास कार्य हो रहे हैं। जिला गाजियाबाद विकास कार्यों में आगे बढ़ रहा है। जिलाधिकारी द्वारा समस्त अधीनस्थ अधिकारियों के साथ विकास कार्यों, राजस्व कार्यों, निर्माण कार्यों में आईजीआरएस संदर्भ संबंधित आदि की सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक समय-समय पर की गई और प्राप्त संदर्भों का समय से निस्तारण करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए जा रहे हैं। जिसके परिणाम स्वरूप शासन ने सितंबर 2023 माह की विकास व राजस्व निर्माण कार्यों की रैंकिंग जारी की है। जिसमें उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। जिसमें स्वास्थ्य विभाग, कृषि, सहकारिता, पंचायत, सिंचाई विभाग, कन्या सुमंगला योजना, खादी ग्राम उद्योग, आपूर्ति विभाग, विद्युत, दुग्ध, राजस्व आदि विभागों ने अच्छा कार्य किया है। वहीं, जनपद बागपत प्रदेश में दूसरे स्थान पर रहा है। जनपद गाजियाबाद की अगस्त माह में सीएम डैशबोर्ड में रैंकिंग प्रथम रहा था, उसे गाजियाबाद ने डीएम राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में बरकरार रखा है। जिलाधिकारी रकेश कुमार सिंह ने जनपद के समस्त अधिकारियों को बधाई दी और उन्होंने कहा कि जिस तरीके से सभी विभाग अधिकारी अपने अपने कार्यों का दायित्व निर्वाह कर रहे हैं और अपने विभागों को निरंतर आगे बढ़ाने में जनपद में कार्य कर रहे हैं, यह रैंकिंग निरंतर प्राप्त होती रहे।

उन्होंने कहा कि अगर कार्य मनोयोग से किया जाए तो परिणाम भी अच्छे प्राप्त होते हैं। आम जनमानस की समस्याओं को गंभीरता के साथ गुणवत्ता के साथ तुरंत गति के साथ निस्तारित किया जाए और सभी अधिकारी अपने कार्यालय के साथ-साथ फील्ड में भी निकले और मौके पर व्यवस्थाओं को देखें। हम सब का उद्देश्य आम जनमानस की समस्याओं को गंभीरता और गुणवत्ता के साथ तुरंत गति के साथ निरस्त करने का होना चाहिए।

# गौर सिटी में 15 हजार लोगों को एक माह से हो रही है पानी की किल्लत



टीबीसी न्यूज

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट की समस्याओं का हल नहीं हो रहा है। आए दिन कोई ना कोई दिक्कत होती रहती है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के गौर सिटी में स्थित 14 एवेन्यू में एक महीने से पानी की किल्लत है, लेकिन पिछले करीब 8 दिनों से लोगों को ज्यादा समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसी वजह से लोग लगातार पानी की आपूर्ति को दोबारा से ठीक करवाने के लिए प्रदर्शन कर रहे हैं।

सोसाइटी के निवासी डीके शर्मा ने बताया कि 14 एवेन्यू में करीब 15 हजार लोग रहते हैं। सोसाइटी में 19 टावर है। इनमें से 6 टावर में पानी की ज्यादा दिक्कत है, बाकी के 13 टावर में पानी की समस्या कम है।

उन्होंने बताया कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के द्वारा सोसाइटी के भीतर पानी की सप्लाई की जाती है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के द्वारा पाइप लाइन में कुछ बदलाव किए जा रहे हैं। जिसकी वजह से दिक्कत आ रही है। इसलिए एक महीने से लोग परेशान है।

हाउसिंग सोसायटी के निवासियों का कहना है कि पानी की सप्लाई के लिए 14 एवेन्यू में करीब 6 मोटर लगी है। सोसाइटी में पानी की दिक्कत है। जिस टावर के लोग प्रदर्शन करते हैं, उस टावर में पानी की मोटर चल देते हैं और दूसरे की बंद कर देते हैं। इस वजह मेंटेनेंस डिपार्टमेंट दफ्तर पर लगातार प्रदर्शन होता रहता है। नोएडा प्राधिकरण ने इस ओर ध्यान नहीं दिया है। लोगों का कहना है कि वे आंदोलन को बाध्य होंगे।

# गाजियाबाद में डेंगू पर काबू पाने के हर प्रयास विफल, 14 नए मामले आए



टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में डेंगू पर काबू पाने का हर प्रयास विफल हो रहा है। मंगलवार को 56 मरीजों की जांच करने पर दो बच्चों समेत डेंगू के 14 नए केस मिले हैं। नए केस कविनगर,हरसांव,मोरटा, विजयनगर, राजनगर एक्सटेंशन ,अर्थला और मुरादनगर में मिले हैं।

जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ.आरके गुप्ता ने बताया कि अब तक डेंगू के कुल 864 केस मिल चुके हैं। सक्रिय मरीजों की संख्या 104 है। चिकनगुनिया के अब तक दो केस मिल चुके हैं। मलेरिया के कुल 25 और स्क्रब टायफस के 15 केस मिल चुके हैं। 168 टीमों ने 109 क्षेत्रों के 4563 घरों का सर्वे किया। इस दौरान 93 घरों में एडीज मच्छर का लार्वा मिलने पर उसे तुरंत नष्ट कराया गया।

दो लोगों को नोटिस दिया गया है। 48 स्थानों पर कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कराया गया है। 57 क्षेत्रों में डेंगू व मलेरिया से बचाव एवं सतर्कता के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया

# तीन घंटे तक जमकर चला नाटक, पिलर पर चढ़ युवक ने दिखाए नखरे





टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** लोनी के बंथला फ्लाईओवर पर एक अजीबोगरीब मामला देखने को मिला। यहां फ्लाईओवर के पिलर के ऊपर एक युवक बैठा दिखाई दिया। उसे देखकर सभी आश्चर्य में थे, क्योंकि लगभग 25 फीट ऊंचे पिलर पर आखिर यह बिना किसी की मदद के चढ़ कैसे गया। फिर नीचे कूदने की धमकी दे रहा था। यहां से गुजर रहे लोगों ने इसकी शिकायत पुलिस को दी।

उसके बाद मौके पर पुलिस और अग्निशमन विभाग का दस्ता मौके पर पहुंचा और सीढ़ी लगाकर युवक को नीचे उतारा गया। उसके नखरे देख पुलिस परेशान हो गई।

गाजियाबाद स्थित बंथला फ्लाईओवर के पिलर पर चढ़कर बैठ गया। इसकी जानकारी होने पर पुलिस मौके पर पहुंची। उसने अग्निशमन विभाग को इसकी सूचना देकर मौके पर बुलाया। अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने सीढ़ी लगाकर युवक को नीचे उतरने का प्रयास किया। यह पता नहीं चला है कि युवक लगभग 25 फीट ऊंचाई वाले पिलर पर कैसे चढ़ गया।

जानकारी के अनुसार युवक को फ्लाईओवर के पिलर पर खड़ा हुआ देखा तो वहां से गुजर रहे राहगीरों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। इसी दौरान युवक चिल्लाने लगा और कहने लगा कि वह ऊपर से नीचे कूद जाएगा। मौके पर पहुंची अग्निशमन टीम ने युवक को काफी समझाया और उसकी मांग को पूरी करने का आश्वासन दिया। उसने इस दौरान स्थानीय पुलिस या अग्निशमन टीम को कोई मांग नहीं बताई। काफी मशक्कत के बाद उसे नीचे उतारा गया।

# मुरादनगर के ग्रामीण करेंगे एनजीटी और हाईकोर्ट का रूख

टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** नगर निगम द्वारा मुरादनगर में कूड़ा डाले जाने पर उभरा विवाद थम नहीं रहा है। वायु एवं जल प्रदूषण से परेशान ग्रामीणों ने राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) दिल्ली और उच्च न्यायालय का रुख करने का फैसला लिया है। बता दें कि गाजियाबाद नगर निगम द्वारा कूड़ा निस्तारण के लिए कोई उचित व्यवस्था नहीं होने के चलते मुरादनगर में कूड़ा डंप किया जा रहा है। जिससे आसपास के कई गावों के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गाजियाबाद नगर निगम के खिलाफ आंदोलन तेज करने को 12 गांव के ग्रामीणों को एकजुट कर विचार विमर्श किया जा रहा है।

दरअसल, मुरादनगर में पाइप लाइन रोड के आसपास के गांव में नगर निगम द्वारा काफी समय से कूड़ा डंप किया जा रहा है। संघर्ष समिति के सचिव सलैक चंद का कहना है कि आपत्तियां दर्ज करने के बावजूद नगर निगम ने क्षेत्र में कूड़ा डंप किए जाने पर रोक नहीं लगाई है। गंदगी की वजह से गांव में बीमारियां फैल रही हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही इस बारे में फैसला किया जाएगा।

# श्री चैतन्य स्कूल में दशहरा पर प्रार्थना सभा का आयोजन

टीबीसी न्यूज



**गाजियाबाद।** श्री चैतन्य स्कूल टेक्नो किरकुलम में दशहरा के उपलक्ष्य में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत कक्षा एक से पांच तक के छात्र-छात्राओं ने दशहरा से जुड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री मंत्र के साथ किया गया। इस मौके पर ईश्वर वंदना भी की गई। कौशल्या दशरथ नंद हूं मैं, कमल नयन अभिराम हूं मैं, इक्ष्वाकु के वंश में जन्मा, मैं कुल का अभिमान हूं, रघुवीर, राघव रामचंद्र रघुनाथ हूं मैं श्रीराम हूं। इन पंक्तियों के साथ कक्षा पांच के विद्यार्थियों ने सुंदर राम भजन की प्रस्तुति दी।

राम ने संहार की वो विभिषिका रची। दुदुंभी के नाद पर, विध्वंस की कथा लिखी, खंड खंड हो बुराई, धूं धू लंका जली, श्रेष्ठता के भाल पर किरीट जय का ठहरा है। ढोल ढप्प बाजो, बधाई हो दशहरा है। इन पंक्तियों के माध्यम से बुराई पर अच्छाई की विजय का महत्व समझाया गया। कक्षा दो से 5 तक के विद्यार्थियों ने मनोहर नृत्य नाटिका का मंचन किया। हनुमान चालीसा का पाठ भी किया गया। प्रधानाचार्या श्रीमती उदयाश्री और उपप्रधानाचार्या अलका शर्मा ने पुष्प वर्षा कर बच्चों का उत्साह वर्धन किया। अंत में राष्ट्रीय गान के साथ रंगारंग कार्यक्रम का समापन किया गया।

# लोनी में युवती को जिंदा जलाने का प्रयास

टीबीसी न्यूज

**गााजियाबाद।** लोनी के तहत आने वाले थाना ट्रोनिका सिटी से बेहद गंभीर घटना सामने आई है। एक युवती ने तहरीर देकर एक मुस्लिम युवक पर पहले छेड़खानी करने और विरोध करने पर पेट्रोल छिड़क कर जिंदा जलाने का प्रयास करने का आरोप लगाया है। युवती की तहरीर पर पुलिस ने तत्काल रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। युवक-युवती दोनों एक ही समुदाय के हैं।

एसीपी ने बताया कि आरोपी युवक को उसके घर से गिरफ्तार किया गया है। युवक के पैर में चोट लगी हुई है। पुलिस ने उसे इलाज के लिए अस्पताल में भरती कराया है। ठीक होते ही उसे न्यायिक हिरासत में ले लिया जाएगा। एसीपी ने बताया कि युवती का मेडिकल कराया गया है। 64 के तहत उसका बयान लिया गया है। आगे की कार्यवाही की जा रही है। जानकारी के अनुसार, सोमवार देरशाम युवती कहीं जा रही थी, तभी रास्ते में जाहिद नामक युवक ने उससे छेड़खानी करनी शुरू कर दी। युवती ने विरोध किया तो जाहिद ने अपने साथ लाए पेट्रोल उस पर छिड़क दिया। सहमी युवती ने बचने के लिए जाहिद को धक्का दे दिया। जिससे जाहिद गिर गया। उसके पैर में चोट आई। युवती ने भागकर अपने परिजनों को घटना के बारे में बताया। बताया जाता है कि युवक काफी समय से युवती का पीछा कर रहा था। युवती ने यह बात अपने परिजनों को बताई थी। पुलिस युवक से लगातार पूछताछ कर रही है। पुलिस का कहना है कि युवती की शिकायत पर युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# आगरा में फरवरी तक बन जाएगी मेट्रो, मोदी करेंगे उदघाटन: योगी



**साहिबाबाद।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी फरवरी में आगरा मेट्रो रेल का उद्घाटन करेंगे। प्रदेश के पांच शहरों में मेट्रो के सफलतापूर्वक संचालन करने पर काम चल रहा है। रेलवे स्टेशनों पर हवाई अड्डे जैसी सुविधाएं मिलेंगी। इस दिशा में तेजी से काम चल रहा है।

योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को यह बातें साहिबाबाद में देश की पहली नमो भारत ट्रेन के उद्घाटन के बाद वसुंधरा सेक्टर-आठ में आयोजित जनसभा में कही। उन्होंने कहा कि साढ़े नौ साल में देश ने विश्वस्तरीय ढांचागत विकास को देखा है। अमृत भारत के अंतर्गत पांच सौ रेलवे स्टेशनों का पुनोद्धार जिस गति से चल रहा है। आज वह भी भारत देख रहा है। वंदे भारत ट्रेन ने एक नए भारत का दर्शन कराया है।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन और नेतृत्व में देश की सबसे बड़ी आबादी का राज्य एक नए ढांचागत विकास का दर्शन कर रहा है। पांच शहर ऐसे हैं जहां अत्याधुनिक सार्वजनिक यातायात व्यवस्था के रूप में मेट्रो रेल का संचालन होगा। फरवरी में प्रधानमंत्री के करकमलों से ही आगरा मेट्रो ट्रेन का संचालन शुरू होगा। अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त बाबा विश्वनाथ के धाम वाराणसी में देश की सबसे प्राचीन अविनाशी काशी को पुरातन काया को नए कलेवर में बदलते हुए देश की पहली रोप-वे सर्विस का कार्य भी युद्ध स्तर पर आगे बढ़ रहा है। यह एक नया ढांचागत विकास हाईवे, एक्सप्रेस हाईवे, ईस्टर्न और वेस्टर्न कॉरिडोर व लाजिस्टिक हब के रूप में स्थापित करने के प्रयास प्रारंभ हुए हैं। इसके चमत्कारी परिणाम देखने को मिल रहे हैं। उसकी का परिणाम है कि देश ने अपने अमृत महोत्सव वर्ष में इस अत्याधुनिक ढांचागत विकास के माध्यम से भारत को दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में देखा है। योगी आदित्यनाथ ने दशहरा से पहले नवरात्र में नमो भारत के उद्घाटन पर प्रधानमंत्री को प्रदेश की जनता की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि 150 किलोमीटर की रफ्तार से प्रधानमंत्री ने स्वयं नमो भारत से यात्रा की।

## कन्या पूजन और विजयदशमी शोभायात्रा के बाद जाएंगे लखनऊ

टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** शारदीय नवरात्र में शक्ति की भक्ति में तरंगित गोरक्षपीठ रविवार से मंगलवार तक लगातार तीन दिन विशेष आनुष्ठानिक कार्यक्रमों के लिए तैयार है। इन तीन दिनों तक मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ विविध अनुष्ठान व आराधना में लीन रहेंगे। गोरक्षपीठाधीश्वर रविवार (22 अक्टूबर) को नवरात्र की अष्टमी तिथि में विधि विधान से महानिशा पूजन व हवन कर लोक मंगल की प्रार्थना करेंगे। उल्लेखनीय है कि नवरात्र के प्रथम दिन गोरखनाथ मंदिर के मठ के प्रथम तल पर स्थित शक्ति मंदिर में सीएम योगी ने कलश स्थापना की थी। अष्टमी की रात वह यहीं आदिशक्ति की आराधना कर महानिशा पूजन करेंगे। नाथ संप्रदाय की परंपरा के अनुसार अष्टमी की रात में सात्विक बलि देकर विशेष हवन किया जाता है।
सोमवार (23 अक्टूबर) को सुबह 8:30 बजे से मातृ शक्ति के प्रति श्रद्धा व सम्मान के प्रतीक के रूप में कन्या पूजन का अनुष्ठान होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कन्या पूजन कर मातृ शक्ति के प्रति गोरक्षपीठ की परंपरा को आगे बढ़ाएंगे।
गोरक्षपीठाधीश्वर नौ दुर्गा स्वरूपा नौ कुंवारी कन्याओं के पांव पखारेंगे, उनके माथे पर रोली, चंदन, दही, अक्षत का तिलक लगा विधि विधान से पूजन करेंगे। मंगलवार (24 अक्टूबर) को गुरु गोरक्षनाथ के विशिष्ट पूजन व गोरक्षपीठाधीश्वर के तिलकोत्सव के बाद सायंकाल विजयदशमी की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।

# अलीगढ़ में बना डिफेंस कॉरिडोर, 2000 करोड़ का होगा निवेश



टीबीसी न्यूज

**अलीगढ़।** अब देश की सुरक्षा में अलीगढ़ का भी रहेगा योगदान। जी हां, अलीगढ़ में बना डिफेंस कॉरिडोर देश के डिफेंस सिस्टम में सहयोग करेगा। इस डिफेंस कॉरिडोर में फैक्ट्रियां बनना भी शुरू हो चुकी है। अब तक 21 कंपनियों को जमीन आवंटित की जा चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अलीगढ़ डिफेंस कॉरिडोर का शिलान्यास किया था। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेस वे विकास प्राधिकरण ने शुरूआत में इसके रेट 450 प्रति वर्ग मीटर घोषित किए थे।
अलीगढ़ में बन रहे डिफेंस कॉरिडोर के सड़क निर्माण का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है और कुछ निवेशकों ने तो अपनी फैक्ट्री के लिए बाउंड्री वॉल भी बनवाना शुरू कर दिया है। डिफेंस कॉरिडोर के कैंपस में फोरलेन सड़क का काम चल रहा है। डिफेंस कॉरिडोर में प्रोडक्शन सेंटर होगा। जिसमें लगभग 15000 लोगों को रोजगार मिल सकेगा। अब तक आठ कंपनियों से ज्यादा के लिए इस डिफेंस कॉरिडोर में जमीन तय कर दी गई है और 21 कंपनियों और 22 निवेशकों के लिए जमीन का रजिस्ट्रेशन भी हो चुका है। अलीगढ़ मंडल के खेल क्षेत्र से इस डिफेंस कॉरिडोर की शुरूआत हुई है। प्रशासन द्वारा 105 हेक्टेयर जमीन अब तक अधिकृत की जा चुकी है। भविष्य मे यह डिफेंस कॉरिडोर 300 हेक्टेयर में बढ़ा दिया जाएगा। जिसमे लगभग 2000 करोड़ का निवेश किया जाएगा। जिसके लिए 55 करोड़ सरकार पहले ही मंजूर कर चुकी है। अब तक 30 कारोबारी ने इस डिफेंस कॉरिडोर में निवेश करने की अपनी इच्छा जाहिर की है अलीगढ़ के डिफेंस कॉरिडोर के प्रोजेक्ट को पूरा होने पर अलीगढ़ के तहसील खैर और आसपास के क्षेत्र में रोजगार के अवसर और भी बढ़ जाएंगे।

# ग्रेटर नोएडा पहुंचे राकेश टिकैत

टीबीसी न्यूज



**ग्रेटर नोएडा।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ग्रेटर नोएडा पहुंचे हैं। यमुना एक्सप्रेसवे के नीचे जीरो पॉइंट पर किसानों का प्रदर्शन चल रहा है। जहां पर राकेश टिकैत अपनी पूरी फौज के साथ किसानों का समर्थन करने के लिए पहुंचे। मौके पर हजारों की संख्या में ग्रामीण महिलाएं और पुरुष मौजूद हैं। व्यवस्था को संभालने के लिए पुलिस टीम भी मौके पर तैनात है। दरअसल, सैकड़ों की संख्या में किसान यमुना एक्सप्रेसवे के नीचे जीरो पॉइंट पर बैठे हैं। किसान काफी लम्बे समय से धरना प्रदर्शन दे रहे है। किसानों का यह प्रदर्शन 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त मुआवजा, किसानों के 10 प्रतिशत भूखंड, किसानों को आवासीय भूखंड देना और जेवर एयरपोर्ट से प्रभावित किसानों को मिले घर के बराबर जगह देना आदि मुद्दों पर है।

# अस्पतालों में दोपहर बाद तक ब्लड सैंपल लिए जाएंगे

टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** जिले के सभी सरकारी अस्पतालों में दोपहर बाद चार बजे तक खून के नमूने लिए जाएंगे। अब तक संयुक्त और महिला अस्पताल में 11 बजे तक ही ब्लड सैंपल लिए जाते हैं। इस संबंध में स्वास्थ्य महानिदेशक डॉक्टर दीपा त्यागी की ओर से पत्र जारी किया है। मौसम में बदलाव के साथ अस्पतालों में डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया और बुखार के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसको देखते हुए शासन की ओर से सरकारी अस्पतालों को मरीज का पंजीकरण ऑनलाइन करने के लिए हेल्प डेक्स और




अतिरिक्त काउंटर बनाने को कहा गया है। अस्पतालों को पैथोलॉजी लैब में दोपहर बाद चार बजे तक ब्लड सैंपल लेने के निर्देश दिए गए हैं। लैब में सैंपल लोड बढ़ाने पर प्रतिष्ठित कंपनियों के सीएसआर फंड से क्षमता और उपकरणों की व्यवस्था करने को कहा गया है। सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्पोक और हब मॉडल विकसित करने पर जोर दिया गया है। शासन के निर्देशों के मुताबिक, जिन स्वास्थ्य केंद्रों में जांच की सुविधा नहीं है, वह सैंपल एकत्र कर जिला अस्पतालों को भेजें। वहां से रिपोर्ट मिलने के बाद मरीज का इलाज शुरू करें। संजय नगर स्थित संयुक्त चिकित्सालय और जिला महिला अस्पताल में 11 बजे तक ही सैंपल लिए जाते हैं। महिला अस्पताल की सीएमएस डॉ सुमाता तालिब ने बताया कि अस्पताल की पैथोलॉजी में जांच का समय बढ़ाने के लिए लैब प्रभारी को निर्देशित कर दिया गया है। जल्द लैब में चार बजे तक सैंपल रजिस्ट्रेशन की सुविधा शुरू कर दी जाएगी।

## बेसिक शिक्षा विभाग में चली तबादला एक्सप्रेस

टीबीसी न्यूज

**नोएडा।** बेसिक शिक्षा विभाग की तरफ से चार बेसिक शिक्षा अधिकारियों का तबादला किया गया है। हालांकि गौतमबुद्ध नगर में तैनात बेसिक शिक्षा अधिकारी ऐश्वर्या लक्ष्मी अभी नोएडा में ही अपने पद पर बनी रहेंगी।
नोएडा और ग्रेटर नोएडा में 511 बेसिक शिक्षा विभाग के सरकारी स्कूल हैं। इसमें तीन कस्तूरबा गांधी स्कूल है। इसके साथ ही निजी स्कूलों की संख्या काफी अधिक है। शासन स्तर से वर्तमान में तैनात बीएसए ऐश्वर्या लक्ष्मी को नवप्रोन्नत करते हुए जिला विघालय निरीक्षक के पद पर प्रमोट किया गया था। ऐसे में पिछले एक सप्ताह से कई बार बीएसए के तबादले की सूचना चल रही है, लेकिन उनको गौतमबुद्ध नगर रास आने की वजह से बीएसए के पद को छोड़ना नहीं चाहती हैं।
जानकारी के मुताबिक, जनपद में तैनात बेसिक शिक्षा अधिकारी ऐश्वर्या लक्ष्मी से कई बार डीआईओएस बनाने के मीडिया द्वारा सवाल पूछे गए है। जिस पर उन्होंने डीआईओएस बनने से पूरी तरह से इनकार कर दिया है। काफी समय से शिक्षा विभाग में तबादले की आहट चल रही थी।

# बढ़ती भीड़ को देख कर नोएडा के वेदवन पार्क को किया बंद

टीबीसी न्यूज

**नोएडा।** नोएडा में स्थित सेक्टर-78 स्थित वेदवन पार्क का शुभारंभ जून 2023 में हुआ था। पार्क में रोजाना हजारों की संख्या में लोग आ रहे हैं। दशहरे के मौके पर अधिक भीड़ आने से यहां तैयार किए गए स्ट्रक्चर को नुकसान और आसपास की सड़कों पर स्थिति खराब ना हो, इसको लेकर चार दिन के लिए लेजर लाइट शो बंद कर दिया गया है। दशहरे के बाद से लेजर लाइट पहले की तरह दोबारा शुरू हो जाएगी। सहायक पुलिस आयुक्त सौरभ श्रीवास्तव ने प्राधिकरण अधिकारियों से भीड़ को देखते हुए यह की सुविधा फिलहाल रोक देने की अपील की थी।

आपको बता दें कि वेद वन पार्क में चारों वेदों के बारे में विस्तार से बताया गया है। पार्क में हर एक वेद के बारे में बताने के लिए अलग-अलग जोन बनाए गए हैं। जिस जोन में जिस वेद के बारे में बताया गया है, उस जोन में वेद में उल्लेखित पेड़ और औषधियां भी लगाई गई। इस तरह से पूरे वेद वन में करीब 50,000 से भी ज्यादा पेड़ लगाए गए। करीब 12 एकड़ क्षेत्र में बने वेद वन पार्क को तैयार करने में लगभग 28 करोड़ की लागत आई है। वेद वन पार्क सुबह 9:00 बजे से लेकर रात के 9:00 बजे तक खुला रहता है। रात को 8:00 बजे आधे घंटे के लिए वाटर लेजर शो आयोजित किया जाता है। जिसमें चारों वेदों और पुराणों के बारे में जानकारी दी जाती है। इस पार्क में घूमने के लिए केवल नोएडा एनसीआर ही नहीं बल्कि काफी दूर से भी लोग आते हैं। वेद वन पार्क में निःशुल्क एंट्री होती है। बताया जा रहा है कि आने वाले समय में यहां पर शुल्क लगाया जा सकता है, लेकिन इसको लेकर प्राधिकरण ने कोई जानकारी नहीं दी है। आप मेट्रो और ऑटो के माध्यम से भी यहां पर पहुंच सकते हो।

चार महीने पहले ही वेद वन पार्क दिल्ली-एनसीआर ही नहीं, बल्कि दूरदराज रहने वाले लोगों के लिए खास बन गया है। आए दिन यहां दूर-दूर से लोग आ रहे हैं। किसी काम या घूमने फिरने नोएडा आने वाले लोग वेद वन पार्क जरूर जा रहे हैं। प्राधिकरण अधिकारियों का दावा है कि यूपी, दिल्ली-एनसीआर और हरियाणा में भी ऐसा पार्क नहीं है। इसी वजह से यहां आएदिन काफी भीड़




आ रही है। बीते रविवार को करीब ढाई हजार गाड़ियों से 10 हजार के आसपास लोग पहुंचे।

# मेट्रो से कितनी तेज, टिकट महंगा या सस्ता, कितने स्टेशन











**टीबीसी न्यूज**

**गाजियाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को देश की पहली रैपिडएक्स मेट्रो का उद्घाटन किया। शनिवार से आम नागरिक इसमें सफर कर सकेंगे। पीएम मोदी ने दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस (रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम) कॉरिडोर के 17 किलोमीटर के हिस्से का उद्घाटन किया। साहिबाबाद से दुहाई डिपो स्टेशन तक के हिस्से का काम पूरा किया गया है। मेट्रो के शुरू होने से साहिबाबाद से दुहाई डिपो स्टेशन तक की दूरी को यात्री सिर्फ 12 मिनट में तय कर सकेंगे। दिल्ली से मेरठ तक का पूरा कॉरिडोर 82 किलोमीटर का होगा, इसमें कितने स्टेशन होंगे, कौन-कौन से कॉरि-डोर होंगे और मेट्रो की तुलना में रैपिडएक्स का किराया सस्ता है या महंगा, स्पीड कितनी है, इन सभी सवालों के जवाब यहां जानिए- नमो भारत से जानी जाएंगी आरआरटीएस मेट्रो नई रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम रेलगाड़ियों को 'नमो भारत' के नाम से जाना जाएगा। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा, 'करोड़ों लोगों की आकांक्षाओं से जुड़ी आरआरटीएस परियोजना का प्राथमिकता खंड रफ्तार भरने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20 अक्टूबर को इसे राष्ट्र को समर्पित करेंगे. देश के रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम को नमो भारत के नाम से जाना जाएगा।'

## 20 किलोमीटर का सफर सिर्फ 12 मिनट में

रैपिड एक्स ट्रेन के शुरू होने से यात्रियों को काफी आराम होने वाला है। वह साहिबाबाद से दुहई तक की 20 किलोमीटर की दूरी सिर्फ 12 मिनट में तय कर लेंगे। फिलहाल रोड के रास्त जाने पर यह दूरी तय करने में 35 मिनट का समय लगता है। यानी जहां लोगों को आधे घंटे से भी ज्यादा समय सहिबाबाद और दुहई तक जाने में लगते थे, अब इसके आधे से भी कम समय में ही वह सफर तय कर लेंगे।

## कौन-कौन से स्टेशन होंगे

दिल्ली और उत्तर प्रदेश को जोड़ने वाले इस 82 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर में कुल 16 स्टेशन होंगे और 9 एडिशनल स्टेशन हैं। पहले फेज में सिर्फ 5 स्टेशन के लिए ही रैपिडएक्स रेल चलेगी। ये 16 स्टेशन हैं- साहिबाबाद, गाजियाबाद, गुलधर, दुहाई, दुहाई डिपो, मुराद नगर, मोदी नगर साउथ, मोदी नगर नॉर्थ, मेरठ साउथ, परतापुर, रीठानी, शताब्दी नगर, ब्रह्मपूरी, मेरठ सेंट्रल, भैंसाली, बेगमपुल, एमईएस कॉलोनी, दौरली, मेरठ नॉर्थ, मोदीपुरम, मोदीपुरम और मोदीपुरम डिपो स्टेशन हैं। अभी सिर्फ साहिबाबाद, गाजियाबाद, गुलधर, दुहाई और दुहाई डिपो स्टेशन के बीच ही मेट्रो चलेगी।

## पहले फेज में कितना काम हुआ, कहां से कहां तक

पहले चरण में 17 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर का काम पूरा किया गया है, जिसमें साहिबाबाद, गाजियाबाद, गुलधर, दुहाई और दुहाई डिपो स्टेशन शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसी सेक्शन का शुक्रवार को उद्घाटन किया और शनिवार (21 अक्टूबर, 2023) से आम जनता के लिए मेट्रो का संचालन शुरू कर दिया गया। इसके बाद यात्रियों का सफर बेहद आसान हो जाएगा और सिर्फ 12 मिनट में 17 किलोमीटर की दूरी तय करेंगे।

**आगे और कौन कौन से फेज में काम होगा**

फर्स्ट फेज में तीन- दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ कॉरिडोर, दिल्ली-गुरुग्राम-एसएनएबी-अलवर कॉरिडोर और दिल्ली-पानीपत कॉरिडोर हैं, जिसमें से गाजियाबाद-मेरठ कॉरिडोर का कम पूरा हो चुका है. दूसरे फेज में दिल्ली-फरीदाबाद-बल्लबगढ़-पलवल कॉरिडर, गाजियाबाद-खुरजा कॉरिडर, दिल्ली-बहादुरगढ़-रोहतक कॉरिडर, गाजियाबाद-हापुड कॉरिडर और दिल्ली-शाहदरा-बडौत कॉरिडर बनाए जाने हैं।

## कहां तक यात्रा के लिए कितने का टिकट

रैपिडएक्स मेट्रो की स्टैंडर्ड क्लास का न्यूनतम किराया 20 और अधिकतम किराया 50 रुपये होगा. स्टैंडर्ड क्लास में गाजियाबाद तक का किराया 30 रुपये, गुलधर तक 30, दुहाई के लिए 40 और दुहई डिपो तक के लिए 50 रुपये का टिकट लगेगा। वहीं, प्रीमियम क्लास में न्यूनतम किराया 40 और अधिकतम 100 रुपये होगा. गाजियाबाद तक के लिए 60 रुपये, गुलधर के लिए 60, दुहाई के लिए 80 और दुहाई डिपो तक का टिकट 100 रुपये का टिकट होगा। यूपीआई के जरिए भी टिकट खरीदने की सुविधा होगी। इसके अलावा, टिकट वेंडिंग मशीन और टिकट काउंटर से टिकट खरीद सकते हैं। या फिर ऑनलाइन या रैपिडएक्स कनेक्ट मोबाइल एप्लीकेशन के जरिए भी टिकट खरीद सकते हैं।

## मेट्रो से कितनी फास्ट होगी रैपिड रेल

दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम हाई-स्पीड और हाई-फ्रीक्वेंसी ट्रेन 160 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से दौड़ेगी. एनसीआरटीसी के मुताबिक, ट्रेन की डिजाइन स्पीड 180 किमी प्रति घंटा, ऑपरेशनल स्पीड 160 किमी प्रति घंटा और एवरेज स्पीड किमी प्रति घंटा है। यानी पटरी पर यह 160 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से दौड़ेगी और एवरेज स्पीड 100 किलोमीटर प्रतिघंटा रहेगी।

## 100 किलोमीटर का सफर कितने टाइम में?

रैपिड मेट्रो इतनी तेजी से पटरी पर दौड़ती है कि 100 किलोमीटर की दूरी यात्री सिर्फ 60 मिनट में तय कर सकेंगे। इसकी स्पीड 160 किलोमीटर प्रति घंटा होगी इसलिए यात्री दिल्ली और मेरठ के बीच का सफर कुछ मिनटों में ही तय कर लेंगे।

## दिल्ली, गाजियाबाद, मेरठ के अलावा और कहां कहां बन रहे हैं कॉरिडोर

इस प्रोजेक्ट के तहत कुल 8 कॉरिडोर बनाए जाने हैं। इनमें से फर्स्ट फेज में तीन कॉरिडोर बनने हैं- दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ कॉरिडोर, दिल्ली-गुरुग्राम-एसएनएबी-अलवर कॉरिडोर, दिल्ली-पानीपत कॉरिडोर हैं. बाकी कॉरिडोर जो प्रोजेक्ट के तहत बनाए जाएंगे, वे हैं- दिल्ली-फरीदाबाद-बल्लबगढ़-पलवल कॉरि-डर, गाजियाबाद-खुरजा कॉरिडर, दिल्ली-बहादुरगढ़-रोहतक कॉरिडर, गाजियाबाद-हापुड कॉरिडर और दिल्ली-शाहदरा-बडौत कॉरिडर हैं।

## पार्किंग की सुविधा

दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरि-डोर के सभी स्टेशनों पर पार्किंग की सुविधा बनाई गई है। स्टेशन के एंट्री और एग्जिट पर ही पार्किंग पॉइंट बनाए गए हैं, जहां पर टू व्हीलर और फोर व्हीलर वाहनों को खड़े करने की प्रयाप्त सुविधा है। वाहनों के हिसाब से पार्किंग के लिए शुल्क भी अलग-अलग होगा।

## एक बार में 1700 लोग कर सकेंगे यात्रा

रैपिडएक्स ट्रेन में कुल 6 डिब्बे हैं, जिनमें बैठकर और खड़े होकर एक बार में 1700 यात्री सफर कर सकेंगे। स्टैंडर्ड कोच में 72 और प्रीमियम कोच में कुल 62 सीटें हैं। हर ट्रेन में एक कोच महिलाओं के लिए रिजर्व होगा, जो प्रीमियम कोच के बाद दूसरा डिब्बा होगा। दिल्ली से मेरठ की ओर जाने वाले पहले और मेरठ से दिल्ली की ओर आखिरी कोच प्रीमियम होगा। प्रीमियम कोच में कोट हुक, मैग्जीन होल्डर और फुटरेस्ट जैसी सुविधाएं होंगी। कोच में लैपटॉप, मोबाइल चार्जिंग की सुविधा होगी. लगेज रैक और डायनेमिक रूट मैप होगा। सभी स्टेशनों और कोच में सीसीटीवी से निगरानी भी रखी जाएगी।

## मेट्रो का समय

रैपिडएक्स ट्रेन सुबह 6 बजे से चलनी शुरू होंगी और रात को 11 बचे तक चलेंगी। दो रैपिडएक्स मेट्रो के बीच 15 मिनट का गैप होगा। यानी हर 15 मिनट में एक रैपिडएक्स मेट्रो यात्रियों को मिलेगी। हर स्टेशन पर ग्राहक सुविधा केंद्र बनाए गए हैं और हेल्प लाइन नंबर के जरिए भी 08069651515 रैपिडएक्स सेवा केंद्र से संपर्क किया जा सकता है।

# सद्भावना और शांति बनाए रखने के लिए स्थापित हुआ था रोटरी क्लब

टीबीसी न्यूज

रोटरी इंटरनेशनल एक गैर-राजनीतिक गैर-धार्मिक तथा अंतरराष्ट्रीय सेवा संगठन है, जिसका मुख्य उद्देश्य मानवीय सेवा प्रदान करने और दुनिया भर में सद्भावना और शांति बनाए रखने के लिए व्यापार और व्यवसायी लीडरों को एक साथ लाना है। इसकी सदस्यता आमंत्रण द्वारा और विभिन्न सामाजिक कारकों पर आधारित होती है। रोटरी के दुनिया भर में 35,000 सदस्य क्लब हैं, जिनमें 1.2 मिलियन व्यक्तियों की सदस्यता है।

रोटरी का पहला क्लब तब बना था, जब 23 फरवरी 1905 को प्रतिनिधि पॉल पी. हैरिस द्वारा डियरबॉर्न स्ट्रीट पर यूनिटी बिल्डिंग में हैरिस के मित्र गुस्ताव लोहर के कार्यालय में संयुक्त राज्य अमेरिका के शिकागो शहर में तीन व्यावसायिक परिचितों की एक बैठक बुलाई थी।

गुस्ताव लोहर एक खनन अभियन्ता तथा संगतराश थेङ्क सिल्वेस्टर शिएले एक कोयला व्यापारी तथा हीराम ई शौरी एक दर्जी थे। सदस्यों ने इस क्लब के लिए रोटरी नाम चुनाव क्योंकि शुरू में उन्होंने बाद की साप्ताहिक क्लब बैठकों को एक-दूसरे के कार्यालयों में घुमाया। हालांकि एक वर्ष के भीतर शिकागो क्लब इतना बड़ा हो गया कि एक नियमित बैठक स्थान की प्रथा को अपनाना आवश्यक हो गया था। अगले चार रोटरी क्लब पश्चिमी संयुक्त राज्य के शहरों में आयोजित किए गएङ्क जिसकी शुरूआत सैन फ्रांसिस्को फिर ओकलैंड और लॉस एंजिल्स से हुई। अमेरिका में रोटरी क्लबों के राष्ट्रीय संघ का गठन 1910 में हुआ था। 22 फरवरी 1911 को डबलिन आयरलैंड में रोटरी क्लब डबलिन की पहली बैठक आयोजित की गई थी। यह उत्तरी अमेरिका के बाहर स्थापित पहला क्लब था। अगस्त 1928 में 12 देशों में 23 क्लबों का चार्टरिंग हुआ। डेविडसन की यात्रा की शुरूआत में भारत में केवल दो क्लबों के पास चार्टर थे; कलकत्ता और लाहौर। डेविडसन फरवरी 1929 में अपनी पत्नी और बेटी के साथ बंबई पहुंचे। वे वहां भी एक क्लब शुरू करना चाहते थे। उन्होंने कहा इस बड़े शहर में एक क्लब का आयोजन करना आसान काम नहीं था। उनके आने से पहले तीन प्रयास विफल हो चुके थे। लेकिन उसी वर्ष मार्च में डेविडसन ने सफलतापूर्वक बॉम्बे में एक क्लब का गठन किया जिसे 8 मई को अपना चार्टर प्राप्त हुआ। उन्होंने कलकत्ता में रोटेरियन का दौरा करने से पहले दिल्ली में एक क्लब का आयोजन किया जहां नीतीश सी. लहरी क्लब सचिव के रूप में कार्यरत थे। 1962-63 में लहरी भारत के पहले आरआई अध्यक्ष बने। 23 अप्रैल को डेविडसन मद्रास की 1032 मील की यात्रा के लिए कलकत्ता में एक ट्रेन में सवार हुए। उन्हें साल के उस समय अत्यधिक गर्मी से बचने के लिए समुद्र से यात्रा करने की सलाह दी गई थी लेकिन उन्होंने ग्रामीण इलाकों को देखने के लिए रेल से जाने का विकल्प चुना। दो दिन बाद डेविडसन ने मद्रास में एक समिति बुलाई जिसने 10 मई को एक क्लब का आयोजन कियाङ्क जिसे 19 जुलाई को अपना चार्टर प्राप्त हुआ। आज रोटरी में 115,000 से अधिक भारतीय रोटेरियन शामिल हो गए हैं। बनर्जी और लहरी के अलावा कई रोटरी लीडरों ने देश को घर कहा है जिसमें 1991-92 के आरआई अध्यक्ष राजेंद्र के साबू और 10 से अधिक आरआई निदेशक शामिल हैं। अपने सेवा कार्यक्रमों को पूरा करने के लिए रोटरी को क्लब जिला और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संरचित किया गया है। रोटेरियन उनके क्लब के सदस्य हैं। क्लबों को वैश्विक संगठन आरआई द्वारा चार्टर्ड किया गया है जिसका मुख्यालय इवान्स्टन, इलिनोइस है। प्रशासनिक उद्देश्यों के लिएङ्क दुनिया भर में 35,000 से अधिक क्लबों को 529 जिलों और जिलों को 34 क्षेत्रों में बांटा गया है। रोटरी संस्कृतियों में समझ को बढ़ावा देते है। वे वयस्कों और युवाओं को संघर्ष को रोकने और मध्यस्थता करने के लिए प्रशिक्षित करते हैं, और उन शरणार्थियों की मदद करते हैं जो जोखिमी क्षेत्रों से भाग गए हैं। वे रोगों से लड़ने में मदद करते हैं। रोटरी दुनिया को पोलियो से हमेशा के लिए छुटकारा दिलाने के लिए संकल्पित हैं। वे अन्य बीमारियों को रोकने और स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच का विस्तार करने के लिए समुदायों को शिक्षित और सज्जित भी करते हैं। रोटरी हर दिन अधिक से अधिक लोगों को स्वच्छ पानी उपलब्ध कराने तथा स्वच्छता लाने में मदद करते हैं। माताओं और बच्चों को स्वस्थ तथा जीवित रखने के लिए गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा देखभालङ्क स्वच्छता शिक्षा और आर्थिक अवसरों तक पहुंच का विस्तार करते हैं। उनका लक्ष्य बुनियादी शिक्षा और साक्षरता का समर्थन करने, शिक्षा में लैंगिक असमानता को कम करने तथा वयस्क साक्षरता को बढ़ाने के लिए समुदायों की क्षमता को मजबूत करना है। रोटरी सेवा परियोजनाओं को अंजाम देते हैं, जो आर्थिक और सामुदायिक विकास को बढ़ाती हैं और युवाओं तथा बुजुर्गों के लिए अच्छे और उत्पादक कार्यों के अवसर पैदा करती हैं। वे उन गतिविधियों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण को मजबूत करती हैं, पारिस्थितिक स्थिरता को आगे बढ़ाती हैं, और समुदायों और पर्यावरण के बीच सामंजस्य को बढ़ावा देती हैं।



## सेवा पखवाड़े में हुए रक्तदान में गाजियाबाद दूसरे स्थान पर रहा

टीबीसी न्यूज

**लखनऊ।** सेवा पखवाड़ा के तहत हुए रक्तदान में गाजियाबाद को प्रदेश में दूसरा स्थान मिला है। पहले स्थान पर लखनऊ ने बाजी मारी। पखवाड़े के दौरान गाजियाबाद में 129 रक्तदान शिविर लगाए गए थे, इनमें 1995 लोगों ने रक्तदान किया। आयुष्मान भव योजना के तहत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था। इसके लिए पूरे प्रदेश में 1816 शिविर लगाए गए। इनमें 30,176 रक्तदाताओं का पंजीकरण किया गया, जबकि स्क्रीनिंग के बाद 27,414 लोगों ने रक्तदान किया। इनमें 748 सरकारी स्तर पर, 549 चैरिटेबल और 519 निजी अस्पतालों के सहयोग से लगाए गए थे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. भवतोष शंखधर ने बताया कि 205 रक्तदान शिविर में लखनऊ 2355 यूनिट के साथ पहले स्थान पर है। दूसरे स्थान पर गाजियाबाद में 1995 यूनिट रक्तदान हुआ। जहां 129 कैंप लगाए गए। तीसरे स्थान पर आगरा में 96 शिविर में 1894 यूनिट रक्तदान किया गया। चौथे स्थान पर मेरठ रहा। यहां 80 शिविर में 1848 यूनिट रक्तदान हुआ।

## रोटरी क्लब मुजफ्फरनगर मिडटाउन ने बांटे राशन

**मुजफ्फरनगर।** रोटरी क्लब मुजफ्फरनगर मिडटाउन द्वारा टीबी. से ग्रस्त 40 बच्चो के लिए राशन वितरण किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रोटेरियन अशोक गुप्ता डीजी 3100 2023-24 और विशिष्ट अतिथि डॉ महावीर सिंह फौजदार जिला चिकित्सा अधिकारी एवं डॉक्टर लोकेश चंद्र टीबी विभाग अधिकारी थे। मुख्य अतिथि ने क्लब के द्वारा किए जा रहे विभिन्न सामाजिक कार्यो की प्रशंसा की।

## रोटरी क्लब गाजियाबाद वसुंधरा ने अन्नापूर्णा योजना के तहत सेक्टर 2ए में भोजन वितरित किया

टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** रोटरी क्लब गाजियाबाद, वसुंधरा समाजहित मे हमेशा कार्य करती रहती है। मेडिकल कैंप हो या गरीबों के लिए स्वास्थ्य शिविर, रोटरी क्लब वसुंधरा हमेशा आगे रहता है। क्लब की ओर से आजकल अन्नपूर्णा कार्यकम चल रहा है। जिसमे वसुंधरा के विभिन्न सेक्टरो मे आस पास रह रहे जरुरत मंदों को खाना वितरण किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सेक्टर 2 ए के पास 5 बजे सांय जरुरत मंदों को खाना वितरण कर एक नेक कार्य किया।

इस प्रोजेक्ट की चेयरमैन रो. संतोष अवाना ने स्वादिष्ट भोजन की व्यवस्था की जिसे सेक्टर 2ए के चौक पर शाम 5.30 बजे वितरित किया गया। इस अन्नपूर्णा भोजन में सब्जी, पूरी और खीर का वितरण किया गया। लगभग 350 से ज्यादा जरूरतमंद लोगो को खाना का वितरण किया गया।

इस अन्नपूर्णा प्रोजेक्ट को सफल बनाने में रोटरी क्लब गाजियाबाद वसुंधरा की महिला शक्ति मे रोमिल बंसल, वंदना अग्रवाल, मेघा गोयल, आयुषी अग्रवाल,और प्रथम महिला



रो. भावना सागर ने मिलकर खाने को आम लोगो मे वितरण किया।

अन्नपूर्णा प्रोजेक्ट को सफल बनाने क्लब ट्रैंनर कमल गोयल, क्लब सचिव मुदित कुलश्रेष्ठ, अशोक अवाना और क्लब अध्यक्ष अनिल सागर ने महिलाओ का साथ दिया। रो. संतोष अवाना ने सभी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट को सफल बनाने के लिए अपने व्यतीत होने पर भी समय निकाल कर भोजन वितरित किया। आगे भी ऐसा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके लिए क्लब के सदस्य आभारी है। इस मौके पर अनिल सागर, मुदित कुलश्रेष्ठ, अंकुर अग्रवाल और कमल गोयल भी मौजूद थे।

## रोटरी क्लब आफ दिल्ली सफदरजंग डिस्ट्रिक्ट 3011 ने लगाया थैलेसीमिया कैंप




टीबीसी न्यूज

**नई दिल्ली।** रोटरी क्लब आफ दिल्ली सफदरजंग डिस्ट्रिक्ट 3011 की ओर से भास्कराचार्य कॉलेज में थैलेसीमिया स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का आयोजन रेड क्रॉस थैलीसेमिक सोसाइटी और भास्कराचार्य कॉलेज के चीफ साइटिस्ट रो. डॉ. उमा चौधरी के सहयोग से किया गया। कैंप में कुल 114 लोगों की स्क्रीनिंग की गई। यह स्क्रीनिंग एचपीसीएल टेस्ट के माध्यम से की गई।

इस मौके पर डॉ. उमा चौधरी ने बताया कि थैलेसीमिया एक विरासत में मिला रक्त विकार है। ये माता पिता से आपको मिल सकता है। जब ये समस्या होती है तो शरीर में हीमोग्लोबिन गड़बड़ाने लगता है और व्यक्ति में रक्तक्षीणता के लक्षण नजर आने लगते हैं। इसमें शरीर इन प्रोटीन का पर्याप्त उत्पादन नहीं कर पाता है जो कि खून बनाने का काम करती हैं। जब पर्याप्त हीमोग्लोबिन नहीं होता है, तो शरीर की रेड ब्लड सेल्स ठीक से काम नहीं करती हैं और समय के साथ नष्ट हो जाती हैं। इस मौके पर कुसुम गुप्ता ने कहा कि थैलेसीमिया में सामान्य हीमोग्लोबिन का उत्पादन कम हो सकता है, जिससे एनीमिया एवं कई अन्य समस्याएं हो सकती हैं।

# एबीईएस कॉलेज में 'जय श्रीराम' बोलने छात्र को नीचे उतारा, स्टूडेंट्स ने वेबसाइट हैक कर प्रोफेसर को बनाया शूर्पणखा

टीबीसी न्यूज



**गाजियाबाद।** एबीईएस इंजीनियरिंग कॉलेज में जय श्री राम बोलने का विवाद लगातार बढ़ता ही जा रहा है। दरअसल कॉलेज में चल रहे एक कार्यक्रम के दौरान छात्र द्वारा जय श्री राम बोलने पर नाराज कॉलेज की प्रोफेसर ने स्टूडेंट को मंच से उतार दिया था। इसके बाद सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ और लोग द्वारा इसके विरोध स्वरूप टिप्पणियां आने लगीं। विवाद के बीच भाजपा विधायक नंदकिशोर गुर्जर समेत तमाम हिंदू संगठनों ने कॉलेज में छात्र के साथ हुए प्रोफेसर के इस व्यवहार पर नाराजगी जाहिर की। ऐसा आरोप है कि अब कॉलेज में पढ़ने वाले इंजीनियरिंग स्टूडेंट्स ने कॉलेज की वेबसाइट हैक कर प्रोफेसर को शूर्पणखा की तरह बनाकर एक फोटो वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है।

## प्रोफेसर को बनाया शूर्पणखा

बता दें कि कल एक कार्यक्रम के दौरान कॉलेज की प्रोफेसर ममता गौतम ने एक छात्र को जय श्री राम बोलने पर अपमानित कर मंच से उतार दिया था। जिसके बाद आज कॉलेज की वेबसाइट हैक कर आरोपी प्रोफेसर का चेहरा वेबसाइट पर लगा दिया गया है। बता दें कि शूर्पणखा के फोटो पर आरोपी प्रोफेसर का चेहरा लगाया गया है। वहीं वेबसाइट पर लिखा गया है श्री राम के नाम से चिढ़े सिर्फ राक्षस। एबीईएस इंजीनियरिंग कॉलेज में स्टूडेंट इंडक्शन कार्यक्रम चल रहा था।

नवतरंग नाम के इस इंडक्शन कार्यक्रम के दौरान मंच पर छात्र अपनी प्रस्तुति दे रहे थे। तभी दर्शक दीर्घा से 'जय श्रीराम' बोलकर अभिवादन किया गया। जबकि मंच पर पहुंचे छात्र ने भी अभिवादन स्वीकार करते हुए 'जय श्रीराम' कहा। इस पर कॉलेज की अध्यापिका ममता गौतम भड़क गईं। उन्होंने छात्र को 'आउट' बोलकर मंच पर ही अपमानित करना शुरू कर दिया। अध्यापिका ममता गौतम का साथ उनकी साथी अध्यापिका स्वाति शर्मा ने दिया और उन्होंने छात्र द्वारा 'जय श्रीराम' बोलने पर कड़ी आपत्ति जताते हुए उसे मंच से नीचे उतार दिया।

# बनाए जाएंगे 11 अतिरिक्त थाने, भूमि की हो रही तलाश




टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** अपराध पर अंकुश लगाने और त्वरित कार्रवाई के लिए पुलिस प्रशासन को अधिक थानों की आवश्यता है। जिसके लिए अभी गाजियाबाद कमिश्नरेट के तीन जोन में 11 अतिरिक्त थानों की आवश्यकता महसूस की जा रही है। इन थानों के लिए जोन में भूमि की खोज की जा रही है। अतिरिक्त थानों के गठन से अपराध पर त्वरित कर्रवाई संभव हो सकेगी।

गाजियाबाद को पुलिस कमिश्नरेट का दर्जा मिलने के बाद 11 नए थाने खोलने की कवायद आरंभ हो गई है। इसके लिए प्रशासन के माध्यम से जमीन की तलाश की जा रही है। पुलिस विभाग की मानें तो लाइनपार ट्रांस हिंडन जोन के सिद्धार्थ विहार ग्राम केला खेड़ा, कैलाश नगर, प्रताप विहार ए ब्लॉक और एच ब्लॉक को विजयनगर थाने की सीमा से अलग करते हुए अलग से सिद्धार्थ विहार थाना बनाए जाने की योजना है। इसी प्रकार से लोहिया नगर, पटेल नगर, दीना गढ़ी, रामा गढ़ी को थाना सिहानी गेट से अलग करते हुए अलग से थाना पटेल नगर स्थापित किया जाएगा। यही नहीं, थाना नंदग्राम से राजनगर एक्सटेंशन, ग्राम सिकरोड, ग्राम अटौर नंगला आदि को अलग करते हुए थाना राजनगर एक्सटेंशन सृजित किया जाएगा।

पुलिस विभाग द्वारा शास्त्री नगर, महेंद्र एनक्लेव, रजापुर, चिरंजीव विहार एवं अवंतिका को कविनगर थाने से अलग करते हुए अवंतिका थाना सृजित किया जाएगा। कुल मिलाकर पुलिस विभाग के द्वारा कुल 11 थाने सृजित करने की योजना बनाई जा रही है। विभाग के अधिकारियों का मानना है कि नए थाने सृजित होने के बाद कानून व्यवस्था को बेहतर किया जा सकेगा।

पुलिस विभाग द्वारा नए थाने आरंभ करने की दिशा में जिला प्रशासन के माध्यम से भूमि उपलब्धता सुनिश्चित करने के प्रयास किया जा रहे हैं। इस दिशा में बाकायदा जिला प्रशासन को पत्र लिखा गया है।

# कौशांबी में दुर्गापूजा का आयोजन, भक्तों ने लिया आशीर्वाद

टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** कौशांबी कल्चरल वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा आयोजित कौशांबी में सुमेर टावर के पीछे स्थित पार्क में दुर्गा पूजा का शुभारंभ क्षेत्रीय पार्षद कुसुम गोयल और निवर्तमान पार्षद डॉक्टर मनोज गोयल द्वारा किया गया।

इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए पार्षद द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम करने वाली टीम को प्रोत्साहित किया गया इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष सुब्रतो चौधरी, सचिव अनिनय चक्रधर, कोषाध्यक्ष



उषा एस, एस हरि, देव घटक, विश्वजीत बनर्जी, निर्मल पाल, पपिया घटक, सुकन्या चौधरी, इंद्रनिल सेन, समाजसेवी अवधेश कटिहार, अनीशा, अंजलि, सुमित, डॉक्टर मीनू रितु बाला, मनीता, सीमा, गुंजन, अंजना शालिनी, कमलेश, सुनीता, कंचन, कीर्ति, रितु कपूर, बबीता, सुषमा, संगीता, शीला, अनु मिनक, तान्या, मोना,पराकृति, रश्मि, रचना अशोक महेश्वरी, मनीष जैन, ऋतु जैन, मनीष गुप्ता, रश्मि गुप्ता,सुधीश अग्रवाल, आलोक श्रीवास्तव, मदन सिंह साहित्य क्षेत्र के अन्य निवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे

# मेवाड़ में मूट कोर्ट प्रतियोगिता आयोजित

**गाजियाबाद।** वसुंधरा स्थित मेवाड़ लॉ इंस्टीट्यूट की ओर से आयोजित मूट कोर्ट प्रतियोगिता में विद्यार्थियों की 11 टीमों ने भारतीय दंड संहिता 1860 की धारा 302 और 34 पर जोरदार बहस की। कानूनी उदाहरणों के साथ इनके पक्ष-विपक्ष में अपने तर्क पेश किये। जिसके आधार पर अपीलकर्ता पक्ष से दो और प्रतिवादी पक्ष से भी दो विजेता घोषित किये गये। प्रतीक्षा वत्स, श्रेया प्रकाश व अनुष्का राय टीम और प्रतिवादी पक्ष से अक्षत मोगा, अदिति जैन व सूर्य प्रताप टीम प्रथम घोषित की गई। रुहानी मलिक, आराध्या श्री व मानसी को दूसरा पुरस्कार मिला।

# आरकेजी ग्रुप ने किया द एअरबॉर्न का आयोजन

टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** आरकेजी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की पुष्पक फ्लाइंग क्लब ने द एयरबॉर्न आर्चर्स - ड्रोन आर्चरी शोडाउन इवेंट का आयोजन किया। इस आयोजन में देशभर से आए 26 टीमें ने भाग लिया। मुख्य अतिथि पूर्व वॉइस एयर मार्शल डॉ देवेश वत्स ने छात्रों को ड्रोन की उपयोग के बारे में बताया। वाइस चेयरमैन श्री अक्षत गोयल ने छात्रों को प्रेरित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। संस्थान के ग्रुप एडवाइजर डॉ लक्ष्मण प्रसाद , एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ डी. के. चौहान, डायरेक्टर डॉ बी सी शर्मा ,डीन और सभी विभागाध्यक्ष भी मौजूद रहे और इस इवेंट को सफलता बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस आयोजन के विजेता ड्रोन क्लब (एकेजीईसी) को 25000 रु का इनाम दिया गया । फर्स्ट रनर अप ड्रोनास्ट्रा को 20000 रु तथा सेकंड रनर अप स्कायवर्ड डायनैमिक्स (एमआईईटी) - तीसरा स्थान को 15000 रु का इनाम दिया गया। आयोजन का समापन पुष्पक क्लब के सलाहकार, एच ओ डी, सी एस ई (एआईएमएल ) डॉ. विनीश कुमार और एच ओ डी, सी एस ई ( डेटा साइंस ) डॉ. प्रीति शर्मा ने किया। इस आयोजन के अध्यक्ष तरनदीप सिंह गुजराल और उपाध्यक्ष शुभम त्रिपाठी भी मौजूद थे। इस कार्यक्रम का संचालन मिस आरती कालरा द्वारा किया गया। इस इवेंट के माध्यम से ड्रोन प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने का प्रयास किया गया।

# 28 व 29 अक्टूबर को अग्रसेन भवन में होगा वैवाहिक परिचय सम्मेलन, पंजीकरण की तिथि अक्टूबर तक बढ़ी

टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा का वैवाहिक परिचय सम्मेलन 28 व 29 अक्टूबर को लोहियानगर स्थित अग्रसेन भवन में होगा। सम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा करने के लिए गुरुवार को आयोजन समिति की कार्यकारिणी की बैठक पंडित डीडी शर्मा की अध्यक्षता में हुई।

बैठक में संस्था के मुख्य संरक्षक पं. जे. के. गौड़ ने बताया कि परिचय सम्मेलन को लेकर समाज के युवाओं में बहुत ही उत्साह है। सम्मेलन के लिए अभी तक 400 से अधिक युवाओं का पंजीकरण हो चुका हैं, जो काफी उत्साह जनक है। समाज के लोगों के अनुरोध पर पंजीकरण कराने की अंतिम तिथि 23 अक्टूबर तक करने का निर्णय लिया गया है। अब 23 अक्टूबर तक जिन युवक-युवतियों का पंजीकरण होगा उनका विवरण ब्राह्मण गौरव पत्रिका में दिया जाएगा।

युवक- युवतियों एवं उनके अभिभावकों के ठहरने की व्यवस्था भी आयोजन समिति द्वारा की जाएगी परिचय सम्मेलन का उदघाटन अग्रसेन भवन लोहियानगर में 28 अक्टूबर को प्रातः 9 बजे होगा। उद्घाटन मुख्य अतिथि संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित गोपाल दत्त शर्मा, विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री पंडित सतीश शर्मा व डिप्टी मेयर पंडित राजीव शर्मा रहेंगे।





कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष सुभाष शर्मा करेंगे। सम्मेलन सायं 4 बजे तक निरंतर चलेगा जिसमें दोपहर को सुरुचि भोज की व्यवस्था भी रहेगी। दूसरे दिन 29 अक्टूबर को समापन समारोह के मुख्य अतिथि संस्था के प्रदेश अध्यक्ष पंडित पीतांबर शर्मा व विशिष्ट अतिथि साहिबाबाद के विधायक पंडित सुनील शर्मा होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष पं. जयनंद शर्मा करेंगे।

बैठक में संस्था के प्रेरणा स्रोत पं.प्राणनाथ शर्मा, जिलाध्यक्ष जयनंद शर्मा, महानगर अध्यक्ष सुभाष शर्मा, पंडित विजय भारद्वाज महामंत्री, पंडित संदीप शर्मा महामंत्री, पंडित सुभाष शर्मा( दुजाना ) स्वागताध्यक्ष, पंडित आदेश शर्मा मुख्य संयोजक, पंडित बुद्ध प्रकाश शर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, पंडित जे.पी. शर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, पंडित हिमांशु भारद्वाज वरिष्ठ उपाध्यक्ष, पंडित धीरज भार्गव प्रचार सचिव, पंडित अजय शर्मा संयोजक, पंडित उमेश शर्मा संयोजक, पंडित अमित भारद्वाज संयोजक, पंडित गौरव कौशिक सहसंयोजक, पं० नरेंद्र शर्मा, पं० वेद प्रकाश शर्मा, एम सी. गौड़, अतर सिंह शर्मा आदि भी मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री मोदी ने हर वर्ग को रिझाने की पूरी कोशिश की









टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को देश की पहली रीजनल रैपिड रेल 'नमो भारत' को हरी झंडी दिखाई। खुद पहला यात्री बनकर उसमें 30 किलोमीटर का सफर किया। इस दौरान वे ट्रेन की महिला चालक दल से मिले, उनकी हौसला अफजाई की। छात्र-छात्राओं से भी बातचीत की।

वसुंधरा सेक्टर-8 के मैदान से प्रधानमंत्री ने रैपिड रेल उद्घाटन के सहारे हर वर्ग को साधने की भरपूर कोशिश की। उन्होंने साल-2040 तक का रोड-मैप जनता के सामने रखा। 2024 के इलेक्शन में अपनी जीत को लेकर आश्वस्त दिखे। इसीलिए ये भी कह गए कि एक-डेढ़ साल बाद रैपिड रेल का मेरठ वाला हिस्सा पूरा होगा, उस समय भी मैं आपकी सेवा में मौजूद रहूंगा।

इस ट्रेन में कुछ स्कूली बच्चे भी थे। प्रधानमंत्री ने उनसे बातचीत की। ये बच्चे पीएम और रैपिड ट्रेन के पोस्टर बनाकर लाए थे।

इस ट्रेन में कुछ स्कूली बच्चे भी थे। प्रधानमंत्री ने उनसे बातचीत की। ये बच्चे पीएम और रैपिड ट्रेन के पोस्टर बनाकर लाए थे। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुली जीप में खड़े होकर जनता का अभिवादन करते हुए भीड़ के बीच से मंच तक पहुंचे।

## मोदी ने किसानों को रिझाने की पूरी कोशिश की

पश्चिम यूपी को किसान बेल्ट कहा जाता है। ऐसे में प्रधानमंत्री ने किसानों को रिझाने की पूरी कोशिश की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने मसूर की दाल के एमएसपी में 425 रुपए, सरसों में 200 रुपए, गेहूं में 150 रुपए कुंतल की बढ़ोतरी की है। 2014 में गेहूं का टरढ 1400 रुपए था, जो आज दो हजार के पार हो गया है। मसूर का एमएसपी 9 साल में दोगुने से ज्यादा बढ़ाया है। दुनिया के दूसरे देशों में यूरिया की बोरी तीन हजार रुपए की है, लेकिन भारत में वही बोरी 300 रुपए से कम में दी जा रही है। भारत सरकार इस पर हर साल ढाई लाख करोड़ रुपए से ज्यादा इसलिए खर्च कर रही है, ताकि किसानों को यूरिया महंगा न पड़े। फसल के अवशेष बरबाद न जाएं, इसके लिए बायो-फ्यूल और एथेनॉल यूनिटें लगाई जा रही हैं। मेरठ-गाजियाबाद के किसानों को पिछले 10 महीने में 300 करोड़ रुपए से ज्यादा की आमदनी इससे हुई है।

## ट्रांसपोर्ट को लेकर कही बड़ी बात

पीएम ने कहा, बेहतर ट्रांसपोर्ट के लिए जल, थल, नभ और अंतरिक्ष हर दिशा में प्रयास कर रहे हैं। वॉटर ट्रांसपोर्ट में देश में 100 से अधिक वॉटर-वे बन रहे हैं। सबसे बड़ा वॉटर-वे गंगा में बनारस से हल्दिया तक बन रहा है। दुनिया के सबसे लंबे रिवर क्रूज गंगा विलास ने 3200 किलोमीटर की दूरी तय करके रिकॉर्ड बनाया है। आधुनिक एक्सप्रेस-वे का जाल बिछाने के लिए भारत सरकार 4 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च कर रही है।

नमो भारत, मेट्रो ट्रेनों पर 3 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च किए जा रहे हैं। दिल्ली-एनसीआर में मेट्रो का विस्तार हुआ है। नोएडा, गाजियाबाद, लखनऊ, मेरठ, आगरा, कानपुर में मेट्रो आगाज दे रही है। भारत ने आसमान में भी उतने ही पंख फैलाए हैं। बीते 9 साल में दोगुने एयरपोर्ट हुए हैं। एयरलाइंस भारत में एक हजार से अधिक नए विमानों के ऑर्डर दे चुकी है। अंतरिक्ष में भी हम कदम तेजी से बढ़ा रहे हैं। चंद्रयान ने चंद्रमा पर तिरंगा झंडा गाढ़ दिया है। प्रधानमंत्री सबसे पहले गाजियाबाद में साहिबाबाद रैपिडएक्स स्टेशन पर पहुंचे। उन्होंने हाथ हिलाकर जनता का अभिवादन किया। लंबे वक्त बाद ऐसा देखने को मिला, जब प्रधानमंत्री खुली जीप में भीड़ के बीच से होते हुए मंच तक पहुंचे। भीड़ ने उन्हें देखकर मोदी-मोदी के नारे लगाए। उन्होंने स्कूली बच्चों से बातचीत की। बच्चे उनके स्वागत में रैपिड रेल की तस्वीरें बनाकर लाए थे। जिन्हें देख पीएम प्रसन्न हुए। पीएम नरेंद्र मोदी 'नमो भारत' ट्रेन से साहिबाबाद स्टेशन से दुहाई स्टेशन तक गए और वापस आए। उन्होंने स्कूली बच्चों से बातचीत की। बच्चे उनके स्वागत में रैपिड रेल की तस्वीरें बनाकर लाए थे। जिन्हें देख पीएम प्रसन्न हुए। जनसभा संपन्न होने के बाद बीजेपी के कार्यकर्ता पीएम नरेंद्र मोदी के कटआउट अपने घरों को ले गए। उनमें जबरदस्त उत्साह दिखाई दिया।

Printed and Published by Dheeraj Kumar Bhargava at B.F.L Inrotech Ltd, C-9, Sector-3 Noida, Distt. Gautam Budh Nagar and Published at 282, Sarai Nazar Ali, behind MMG Hospital Ghaziabad (U.P.) 201 001. **Editor:** Dheeraj Kumar, **Resident Editor:** Manisha Bhargava** **Email:** editor@tbam.co.in **RNI. No:** UPBIL/2009/28691, **Postal Registration No.** UP/GBD80/2016-18, **Advertisement :** Ph. No.: 0120-2850800, 2850297, **Fax :** 0120-4561000. **Add:** Plot No- 516, Sector- 12, Friends Co-operative Society, Vasundhra, Ghaziabad (U.P.)** Responsible for selection of News under the PRB Act. Repro- duction in any manner, electronic or otherwise in whole or in post without prior written permission is prohibited.